हे बाबा मेरे खाटू वाले हम सब पर उपकार करो

हे बाबा मेरे खाटू वाले हम सब पर उपकार करो
कुछ भी करो कैसे भी करो हमें भाव सागर से पार करो

ये तो है सौभाग्य हमारा जो ये शुभ घडी आई है
जग से सारे नाते तोड़कर तुमसे लगन लगाई है
बिनती है हम सबकी बाबा सब बच्चों से प्यार करो

रतन जड़ित सिंहासन सर पर चंवर डुरे
तन केसरिया बाघों कुण्डल कानन पड़े
ॐ जय श्री श्याम हरे

होगी दया तो देंगे दर्शन दर्शन देंगे तो होगी कृपा
कृपा करना बाबा तुम्हारा काम नहीं है कोई बड़ा
दया करो हम सब बच्चों पर हम सब का उद्धार करो

हम तो मनुष्य हैं रूठ गए तेरा कुछ भी बिगाड़ न पाएंगे
खाटू वाले रूठ गए तो हम तो यूँ ही मर जाएंगे
बिनती है रमन की बाबा सबका बेडा पार करो
हे बाबा मेरे खाटू वाले..............

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13254/title/he-baba-mere-khatu-vale-hum-sab-par-upkaar-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |